## एक नजर में

### जनगणना तहत मई में नहीं मिलेंगे अवकाश

**राजगढ़ 01 मई, का.** भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य 01 मई से 30 मई, तक अनिवार्य रूप से संपादित किए जाएंगे . इस अवधि में कार्य की गंभीरता को देखते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया गया है . कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा जारी निर्देशानुसार उक्त कार्य में संलग्न अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित अवधि में बिना अनुमति अवकाश पर नहीं जा सकेंगे. विशेष परिस्थितियों में ही अवकाश स्वीकृत किया जा सकेगा, जिसके लिए अधोहस्ताक्षरकर्ता से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा. सभी कार्यालय प्रमुख एवं चार्ज अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें .

### राजेन्द्र सिंह उमठ हुए पद से सेवानिवृत्त

**नरसिंहगढ़ 01 मई, सं.** नपद पंचायत में सहायक लेखा अधिकारी के पद पर कार्यरत राजेंद्र सिंह उमठ अपनी 62 वर्ष आयु पूर्ण करने पर सेवानिवृत्त हुए. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद सीईओ एवं सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने श्री उमठ का साफा बांधकर एवं शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया . इस मौके पर जनपद सीईओ श्रीमति शालिनी कांचकर, बीपीओ राजाराम वर्मा, इन्द्रसिंह यादव, अरुण शर्मा, ओम प्रकाश वर्मा, महेंद्र सिंह चन्द्रावत, मांगीलाल दांगी, राहुल शर्मा, राकेश बंसीवाल, स्वाति वर्मा, दिनेश गोयल, नर्मदा विश्वकर्मा राम कृष्ण मोबेकर जितेंद्र रायकवार एव समस्त जनपद स्टाफ उपस्थित रहा .

### टोंटी लगाओ कार्यक्रम से जल संरक्षण का संदेश

**राजगढ़ 01 मई, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में म.प्र. जल निगम राजगढ़ द्वारा शुक्रवार को ग्राम पंचायत चोंसला में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत टोंटी लगाओ कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम के दौरान जल स्रोतों के संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु घरों में टोंटी लगाई गई तथा ग्रामीण उपभोक्ताओं को पानी के मितव्ययी उपयोग के लिए प्रेरित किया गया. साथ ही उपस्थित नागरिकों को जल संरक्षण के महत्व, अनावश्यक जल व्यय को रोकने और दैनिक जीवन में जल बचत के सरल उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई. अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के अभियान का उद्देश्य आमजन को जागरूक कर जल की हर बूंद को बचाना है, ताकि भविष्य में जल संकट की स्थिति से बचा जा सके. ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए जल संरक्षण में सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया.


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित करने में आता है कि मेरा नाम अब्दुल हुसैन पिता असगर अली पूर्व में मेरी पुत्री का नाम तसनीम पिता अब्दुल हुसैन था. और वर्तमान में नाम तसनीम सैफी पिता अब्दुल हुसैन हो गया है. अब मुझे इसी नाम से जाना जाये.

**मोबा. 9981035047**
**पता अब्दुल हुसैन वार्ड क्र. 14 बोहरा वाड़ी सारंगपुर जिला राजगढ़ (मप्र) पिन 465697**


# राजस्थान होकर कालीपीठ पहुंचा कूनो का चीता

## करीब 200 किमी दूर कालीपीठ अंचल में नजर आया शिवपुरी के कूनो नेशनल पार्क का चीता, रेस्क्यू में जुटी टीमें

### पेड़ छांव में सुस्ता रहा रफ्तार का राजा



#### 12 घंटे से एक ही जगह बैठा चीता

कालीपीठ के जंगल के में सुबह करीब 6 .30 बजे चीते की मौजूदगी की जानकारी लगने पर वन विभाग का अमला एवं कूनों नेशनल पार्क की टीम मौके पर पहुंची . जानकारी के अनुसार कालीपीठ के जिस जंगल क्षेत्र में चीता सुबह से देखा गया वह शाम तक उसी स्थान नजर आया . वन विभाग के अनुसार चीता रात्रि के समय मूवमेंट करता है . दिन में प्राय: सुविधाजनक स्थान पर चीता आराम करते हुए एक ही जगह पर घंटो तक रहता है . शाम होते ही अंधेरा छाने पर यह मूवमेंट शुरु कर देता है .

**वन विभाग, पुलिस अलर्ट अफरा-तफरी के बीच दहशत का वातावरण**

**जीपीएस कॉलर से की जा रही ट्रेंकिंग**

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 01 मई, का. कुनों नेशनल पार्क से निकला चीता शुक्रवार की सुबह कालीपीठ क्षेत्र में जा पहुंचा. जिससे क्षेत्र में दहशत का वातावरण बन गया. वन विभाग के अमले एवं कुनों नेशनल पार्क की टीम मौके पर पहुंच गई है.**

जानकारी के अनुसार शिवपुरी के कुनों नेशनल पार्क से निकला चीता (केपी-3) शुक्रवार की सुबह करीब 6.30 बजे राजगढ़ जिले के कालीपीठ क्षेत्र में नजर आया. चीते के पहुंचने की तस्वीरें एवं खबर सामने आने के बाद क्षेत्र में दहशत का वातावरा निर्मित होने लगा.

जानकारी के अनुसार, चीता कालीपीठ थाने से लगभग 300 मीटर दूर एक पेड़ की छांव में आराम करता देखा गया. उसके गले में लगा जीपीएस कॉलर वन विभाग के लिए अहम तकनीकि साधन साबित हो रहा है, जिसके जरिए उसकी रियल-टाइम लोकेशन और मूवमेंट की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है. वन विभाग की कंट्रोल टीम ट्रेकिंग डेटा के आधार पर चीते की दिशा, गति और संभावित मूवमेंट का विश्लेषण कर रही है.

#### तकनीकी निगरानी और सुरक्षा प्रबंधन

कूनों नेशनल पार्क से आई पांच सदस्यीय विशेषज्ञ टीम चीते की हर गतिविधि पर नजर रखे हुए है. जीपीएस कॉलर से प्राप्त सिग्नल को कंट्रोल रूम में मॉनिटर किया जा रहा है, जिससे चीते की लोकेशन में बदलाव की तुरंत जानकारी मिल रही है. आवश्यकता पड़ने पर सॉफ्ट ड्राइव तकनीक (हल्के मानवीय हस्तक्षेप से दिशा मोड़ना) का उपयोग कर उसे आबादी से दूर सुरक्षित क्षेत्र की ओर ले जाने की रणनीति भी तैयार रखी गई है.

मौके पर राजगढ़ वन परिक्षेत्र अधिकारी शिव कुमार चौहान, डिप्टी रेंजर राजू गुर्जर, वन रक्षक भानु खिंची और वनपाल अर्जुन मालवीय सहित कालीपीठ पुलिस बल तैनात रहा. संयुक्त टीम द्वारा भीड़ नियंत्रण, क्षेत्र की घेराबंदी और रेस्क्यू प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके.



#### राजस्थान से होते हुए मध्य प्रदेश में आ पहुंचा

वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को चीते ने राजस्थान प्रदेश के क्षेत्र में एक बकरी के बच्चे का शिकार किया . इसके बाद वह राजस्थान के मनोहरथाना क्षेत्र से होते हुए मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के कालीपीठ क्षेत्र में प्रवेश कर गया . टीम द्वारा उसके मूवमेंट पैटर्न पर नजर रखते हुए आगे की रणनीति तय की जा रही है .

#### सतर्कता बरतने की अपील

वन विभाग द्वारा नागरिकों से अपील की जा रही है कि वह चीते के समीप न जाएं और न ही उसे घेरने या फोटो, विडियों बनाने की कोशिश करें . किसी भी तरह की गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को देने के लिए कहा जा रहा है . अधिकारियों के अनुसर जीपीएस ट्रेकिंग और फील्ड टीम के समन्वय से स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है .

#### सावधानी बरतते हुए सुरक्षा में जुट गये लोग

क्षेत्र में चीते की मौजूदगी होने की जानकारी लगते ही वन विभाग एवं कूनों नेशनल पार्क का अमला मौके पर पहुंचा . वहीं लोगों ने भी सुरक्षा की दृष्टि से अपने पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर ले जाना शुरु कर दिया . ग्रामीणों द्वारा पशुओं एवं बच्चों को लेकर सावधानी बरती जा रही है . राजगढ़ जिले के कालीपीठ में कूनों नेशनल पार्क से आये मेहमान ( चीता ) को देखने पहुंचे राजस्थान झालावाड़ के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार और राजगढ़ पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी दोनों अधिकारी वहां पहुंचे .



### मानसिक अस्वस्थ महिला घर से निकली

**नवभारत न्यूज, जीरापुर 01 मई, सं.** समीपवर्ती ग्राम खेरखेड़ी निवासी एक महिला अपने घर से निकली जोकि मानसिक रूप से अस्वस्थ होने से घर का रास्ता भटकने के बाद सुरक्षित वापस परिजनों तक महिला को डायल 112 पुलिस ने पहुंचाया. जानकारी के अनुसार एक महिला विगत रात्रि में खेरखेड़ी गांव से भटकती हुई पीपल्दा गांव पहुंच गई. जहां ग्रामीणों के काल पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने जांच पड़ताल की. जिसमें महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ निकली. खोजबीन के बाद पता चला कि महिला खेरखेड़ी गांव निवासी संतोषबाई मालवीय उम्र 25 वर्ष बताई गई. जिसे 112 डायल पुलिस मोहन मेवाड़ा और आरक्षक भोलाराम बडेरा ने मानसिक विक्षिप्त महिला को सुरक्षित उसके परिवार तक पहुंचाया. जिस पर महिला के परिवार जनों ने पुलिस का आभार माना.

# तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकराई, दो दोस्तों की मौत

## मासूम बच्चों के सिर से उठा पिता का साया



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 01 अप्रैल, का. राजगढ़ जिले के ब्यावरा में बीती देर रात एक भीषण सड़क हादसे ने दो परिवारों की खुशियाँ उजाड़ दीं. ढकोरा जोड़ के पास एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराई. इस टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. मृतकों के छोटे-छोटे बच्चे हैं, जिनके सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया है.**

सिटी थाना प्रभारी विरेन्द्र धाकड़ ने बताया कि घटना रात लगभग 1 बजे की है. मृतक हरीप्रसाद लोधा (35 वर्ष) निवासी गांगाहोनी और नरेश लोधा (25 वर्ष) निवासी तलावड़ा महाराजा (थाना मलावर) आपस में गहरे दोस्त थे. दोनों शुक्रवार रात ब्यावरा से अपने गांव की ओर लौट रहे थे. तभी ढकोरा जोड़ के समीप उनकी बाइक बेकाबू होकर सीधे पेड़ में जा घुसी.

पुलिस ने मर्ग कायम कर शुक्रवार को सिविल अस्पताल में शवों का पोस्टमार्टम कराया. जिसके बाद पार्थिव देह परिजनों को सौंप दी गई. शुक्रवार दोपहर बाद गमगीन माहौल में दोनों दोस्तों का उनके पैतृक गांव में अंतिम संस्कार किया गया. पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है कि हादसा वाहन की तकनीकी खराबी से हुआ या अधिक रफ्तार के कारण.

#### टक्कर इतनी भीषण कि बाइक के उड़े परखच्चे

हादसा इतना भयावह था कि बाइक का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया . टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग और पुलिस मौके पर पहुँची, लेकिन तब तक दोनों युवकों की सांसें थम चुकी थीं . पुलिस ने तत्काल शवों को कब्जे में लेकर ब्यावरा सिविल अस्पताल पहुँचाया .

#### मासूम बच्चों और परिजनों का बुरा हाल

शुक्रवार सुबह जब हादसे की खबर परिजनों तक पहुँची, तो अस्पताल परिसर में चीख-पुकार मच गई . जानकारी के अनुसार, दोनों ही मृतकों के दो-दो छोटे बच्चे हैं . परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में मातम पसरा हुआ है .

# डीएमनॉन का निलंबन, लीड बैंक मैनेजर को नोटिस

## उपार्जन कार्यों में तेजी लाने के सख्त निर्देश

**राजगढ़ 01 मई, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने ओपन खरीदी केंद्रों से कम उठाव पर नाराजगी व्यक्त करते हुए डीएम नॉन के विरुद्ध निलंबन हेतु कमिश्नर को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए.

बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने खरीदी केंद्रों से परिवहन व्यवस्था में तेजी लाने के सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी केंद्रों से समय पर उठाव सुनिश्चित किया जाए.

बैठक में राजगढ़, नरसिंहगढ़ एवं ब्यावरा क्षेत्रों में परिवहन एवं उठाव की धीमी प्रगति पर चिंता जताते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी आगामी दो दिवस के भीतर लंबित उठाव कार्य पूर्ण करें. साथ ही डीएम नॉन को ट्रक चालान की संख्या बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए. बैठक में अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जिला विपणन अधिकारी एवं लीड बैंक मैनेजर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया.

# राठौर समाज के 60 जोड़ों ने सात फेरे लिए



नवभारत न्यूज

**जीरापुर 01 मई, सं . नगर के समीप गांव मेंनाखेड़ी में राठौर समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ, जिसमें 60 जोड़ें वैदिक मंत्रोच्चारण से विधि-विधान से परिणय सूत्र में बंधे. आंधी-बारिश के बावजूद देर रात तक चले कार्यक्रम में वर-वधुओं ने जीवनभर साथ निभाने के सात फेरे लिए.**

वहीं समाज के महिला पुरूष बड़ी संख्या में शामिल हुए. विधायक हजारीलाल दांगी, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, पूर्व विधायक डॉ रामप्रसाद दांगी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह सहित , इंदौर भोपाल और राजस्थान से आए राठौर समाज के अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद, मंगलकामनाएं और उपहार देकर उनके सुखद, सफल एवं समृद्ध वैवाहिक जीवन की कामना की. मुकेश राठौर के द्वारा सभी जोड़ों को छापीश्वर महादेव की तस्वीर, सिद्धू राठौर ने एक-एक टिपन दिया गया. खिलचीपुर राठौर समाज के द्वारा इलेक्ट्रॉनिक झाझर और दीवाल घड़ी दी. राठौर समाज जिला अध्यक्ष मनीष राठौर जीरापुर द्वारा थाना प्रभारी होकमचंद मीणा की मौजूदगी में सभी जोड़ों को एक-एक हेलमेट देकर यातायात के नियमो का पालन करने का संदेश दिया. कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी के द्वारा राठौर समाज धर्मशाला में निर्माण में 15 लाख रुपए देने की घोषणा की गई.

# करंट से युवा स्टेशन ऑपरेटर का प्राणांत

नवभारत न्यूज

**कुरावर/झाडला 01 मई, सं. विद्युत लाइन में हुए फाल्ट को ठीक कर रहे एक स्टेशन ऑपरेटर की करंट लगने से मौत होने की घटना प्रकाश में आई है.**

जानकारी के अनुसार झाडला विद्युत वितरण केंद्र में कार्यरत 22 वर्षीय युवक की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई.

जानकारी के अनुसार झाडला निवासी राजेश दांगी पिता लक्ष्मीनारायण दांगी बीते दो वर्षों से विद्युत मंडल में राजस्व वसूली का कार्य कर रहे थे. करीब एक माह पूर्व उनका चयन स्टेशन ऑपरेटर के पद पर हुआ था. बताया जा रहा है कि बीती रात तेज हवा और आंधी के कारण कई स्थानों पर विद्युत लाइनों में फाल्ट हो गया था. फाल्ट सुधारने के लिए उन्हें बुलाया गया था. सुबह करीब 10 बजे वह लाइन में हुए फाल्ट को सुधारने के लिए फीडर पर चढ़े थे तभी अचानक करंट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गए. उन्हें तुरंत वाहन से कुरावर अस्पताल लाया गया. जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. कुरावर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है.

घटना के दौरान युवक के पास आवश्यक सुरक्षा उपकरण जैसे दस्ताने, हेलमेट (केप) और सेफ्टी शूज नहीं होने बताया जा रहा है. साथ ही जिस लाइन पर कार्य किया जा रहा था वह अचानक चालू कैसे हो गई. यह भी जांच का विषय बना हुआ है. इसे गंभीर लापरवाही बताया जा रहा है. इसके अलावा, झाडला विद्युत केंद्र पर सुरक्षा के लिए न तो गार्ड तैनात है और न ही सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, जिससे घटना की जांच में भी कठिनाई हो रही है.

#### जांच के बाद स्पष्ट होगी स्थिति

इस मामले में कनिष्ठ अभियंता का कहना है कि राजेश दांगी स्टेशन ऑपरेटर के रूप में कार्यरत थे . घटना के समय एक अन्य कर्मचारी भी मौजूद था . उन्होंने कहा कि घटना कैसे हुई इसकी जांच की जा रही है . हादसे के बाद क्षेत्र में शोक छा गया .

# ब्यावरा जनपद भवन निर्माण में लापरवाही पर नोटिस

## कलेक्टर ने भवन निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**गुणवत्ता में लापरवाही पर सख्ती**

**संबंधितों को कारण बताओ नोटिस के निर्देश**

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 01 मई, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा शुक्रवार को ब्यावरा स्थित जनपद पंचायत भवन के निर्माणाधीन कार्य का स्थल निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, प्रगति एवं अन्य तकनीकी पहलुओं का बारीकी से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की.

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप समय सीमा में पूर्ण किया जाए. निरीक्षण के दौरान कार्य में पाई गई कमियों को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने संबंधित ठेकेदार का भुगतान रोकने के निर्देश दिए.

साथ ही कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने ई-आरईएस एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ब्यावरा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने वाले किसी भी स्तर पर जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी. साथ ही मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्माण कार्य की सतत मॉनिटरिंग करने एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए.

**निर्देश** ▶ **कलेक्टर डॉ. मिश्रा व पुलिस अधीक्षक श्री तोलानी के कड़े निर्देश**

# बिना प्रमाण के संशोधन करने पर सख्त होगी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 01 मई, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी की उपस्थिति में जिले के समस्त आधार ऑपरेटरों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक में आधार संबंधी कार्यों में पारदर्शिता, वैधानिकता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश जारी किए गए.**

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि बिना प्रामाणिक दस्तावेजों के किसी भी प्रकार की जानकारी में संशोधन पूर्णत: प्रतिबंधित है. यदि किसी ऑपरेटर द्वारा आधार में उम्र बढ़ाने-घटाने या अन्य किसी प्रकार की छेड़छाड़ की जाती है, तो संबंधित के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी.



उन्होंने कहा कि जन्मतिथि में संशोधन केवल वैध जन्म प्रमाण पत्र या सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र के आधार पर ही किया जाए. बिना वैध दस्तावेज के किसी भी प्रकार का परिवर्तन स्वीकार्य नहीं होगा. साथ ही सभी आधार केंद्रों का भौतिक सत्यापन कराने तथा प्रत्येक केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए.

पुलिस अधीक्षक श्री तोलानी ने बैठक में कहा कि जिले में कुछ लोग बाल विवाह जैसे अवैध कृत्यों को अंजाम देने के लिए आधार में उम्र में हेरफेर करने का प्रयास कर रहे हैं, जो कि गंभीर अपराध है।उन्होंने सभी ऑपरेटरों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति उम्र बढ़ाने या घटाने के लिए दबाव बनाता है, तो इसकी तत्काल सूचना पुलिस को दें. ऐसे मामलों में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति एवं ऑपरेटर दोनों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी और सीधे जेल भेजा जाएगा.

#### दण्डात्मक कार्यवाही की चेतावनी

कलेक्टर डॉ. मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री तोलानी ने संयुक्त रूप से निर्देशित किया कि कोई भी आधार ऑपरेटर बिना वैध एवं प्रामाणिक दस्तावेजों के आधार कार्ड में किसी भी प्रकार का संशोधन या छेड़छाड़ न करे, अन्यथा कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी . बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं जिले के सभी आधार ऑपरेटर उपस्थित रहे .


GST NO. 23AAHAS0355EvZV Pen No. AAHAS0355E
REG. NO. DR/RJ/H.1.24/-10-59 S.T.NO.RJH/KLC/569

### कार्यालय विपणन सहकारी समिति मर्या. जीरापुर जिला राजगढ़ ब्यावरा मप्र

**मोबा: 08959225966 vipzirapur@gmail.com**

### विज्ञप्ति

संस्था के आमसभा हेतु नियत समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक आमसभा दिनांक 07.05.2026 दिन गुरूवार समय दोपहर 12.00 बजे संस्था मुख्यालय जीरापुर पर रखी गई है. इसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है. गणपूर्ति के अभाव में बैठक आधे घण्टे पश्चात पुन: प्रारंभ की जावेगी. जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं है.

**नोट: विधि में संशोधन बाबत्.**
**प्रतिलिपि: 1- उपायुक्त महोदय राजगढ़ मप्र**
**2- प्रशासक महोदय जीरापुर मप्र**

**प्रबंधक**
**विपणन सहा. समिति मर्या.**
**जीरापुर जिला राजगढ़**

**प्रशासन**
**विपणन सहा. समिति मर्या.**
**जीरापुर जिला राजगढ़**